उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

पत्रांकः– 503 / गोपन / 2024–25 **दिनांकः 20 फरवरी, 2025**

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–65 / उ0अ0से0च0आ0 / 2024 दिनांक 30.10.2024 के द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस विभाग के अंतर्गत विज्ञापित आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरूष) एवं आरक्षी, पी0ए0सी0 / आई0आर0बी0 (पुरूष) के कुल 2000 रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है।

आयोग की विज्ञप्ति संख्या 471 / गोपन / 2024–25 दिनांक 29.01.2025 के द्वारा उक्त पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 24 फरवरी, 2025 से निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से 05 परीक्षा केन्द्रों (1. **पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून 2. आई0आर0बी0 द्वितीय झाझरा, देहरादून 3. एस.डी.आर.एफ. वाहिनी जॉलीग्रांट देहरादून 4. पुलिस लाईन ज्ञानसू, उत्तरकाशी 5.रिजर्व पुलिस लाईन गुलाबराय मैदान, रूद्रप्रयाग**) में दिनांक **03 मार्च, 2025** से शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा संचालित की जानी निर्धारित की गयी है तथा अन्य परीक्षा केन्द्रों में शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा पूर्व में निर्धारित तिथि 24 फरवरी, 2025 से ही आयोजित की जायेगी। शारीरिक परीक्षण के प्रवेश पत्र आयोग की बेवसाइट पर दिनांक 20 फरवरी, 2025 से जारी कर दिये गये है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र, फोटो युक्त पहचान पत्र, 02 पासपोर्ट साइज फोटो व छूट संबंधी प्रमाण पत्र (पर्वतीय, अनुसूचित जनजाति एवं होमगार्ड इत्यादि) परीक्षण की तिथि को अनिवार्य रूप से अपने साथ लेकर आयें।

आयोग द्वारा जारी उक्त विज्ञापन के अनुसार अभ्यर्थी को आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित प्रमाण–पत्र धारित होना आवश्यक है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षण स्थल पर समय से पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षण स्थल पर विलम्ब से पहुंचने की दशा में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अभ्यर्थी कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव